मध्यप्रदेश शासन,

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

17802/22/वि–7/जरोयो/95 भोपाल दिनाक 19 सितम्बर, 95

ति,

1. **कलेक्टर (समस्त)**
   मध्यप्रदेश।

2. **परियोजना अधिकारी,**
   जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (समस्त)

विषय : रोजगार आश्वासन योजनान्तर्गत विकास खण्डों में प्राथमिक शालाओं के लिए 'मध्यान्ह भोजन' कार्यक्रम योजना।

भारत शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि देश के उन सभी विकास खण्डों में, जहां रोजगार आश्वासन योजना (Employment Assurance Scheme) लागू है, स्थित प्राथमिक शालाओं में 'मध्यान्ह भोजन' कार्यक्रम लागू किया जायेगा। इस हेतु भारत शासन निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध करायेगा परन्तु वितरण एवं भोजन आदि तैयार करने का कार्य राज्य सरकारों द्वारा किया जायेगा। इस योजना का लाभ चयनित विकास खण्डों में स्थित सभी शासकीय, शासन से अनुदान प्राप्त तथा स्थानीय निकायों द्वारा चलायी जा रही प्राथमिक शालाओं को मिलेगा। प्राथमिक शाला का अर्थ प्राथमिक शालाओं, माध्यमिक शालाओं एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं में लगने वाली कक्षा 1 से 5 है। राज्य स्तर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को योजना के क्रियान्वयन के लिए ''नोडल'' विभाग घोषित किया गया है। सभी संबंधित विभागों की सहमति से निम्न निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

2. योजना का स्वरूप

मध्यप्रदेश में यह योजना 297 विकास खण्डों में लागू की जा रही है। यह योजना संपूर्ण लक्ष्य क्षेत्र में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को ''गर्म भोजन'' (Hot Meal) देकर लागू की जायेगी। यह ''गर्म भोजन'' तैयार करने का कार्य संबंधित ग्राम पंचायतों/नगरीय निकायों द्वारा किया जावेगा।

(परिशिष्ट - 1)

3. योजना लागू करने की तिथि

समस्त लक्ष्य विकास खण्डों में यह योजना 2 अक्टूबर, 95 से लागू की जायेगी। इसका अर्थ यह हुआ कि 2 अक्टूबर, 95 के पूर्व यह समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जायें जिनके परिणाम स्वरूप 2 अक्टूबर को पहली बार शाला के छात्र–छात्राओं को ''गर्म भोजन'' उपलब्ध कराया जा सके। इस हेतु शासकीय अवकाश होने के बावजूद स्कूल में बच्चों को विशेष रूप से बुलाकर उन्हें भोजन दिया जाए।

4. योजना के क्रियान्वयन के लिए मुख्य बिन्दु

4.1 प्रत्येक जिले को भारत शासन द्वारा प्रति तिमाही के लिए खाद्यान्न का आवंटन दिया जायेगा। योजना 15 अगस्त, 95 से लागू की गयी है। 15 अगस्त, 95 से 31 अक्टूबर, 95 तक का आवंटन प्राप्त हो गया है। खाद्य विभाग इसे आपको पृथक से सूचित करेगा। यह खाद्यान्न आवंटन पूर्व में किए गए स्कूल सर्वेक्षण पर आधारित है। भविष्य में भी आवंटन की जानकारी आपको यथा समय दी जायेगी।

............निरन्तर

शालावार आवंटन का निर्धारण

4.2 इस ज्ञापन के प्राप्त होते ही कलेक्टर को जिला स्तर पर प्राप्त आवंटन को शालावार विभाजित करना होगा। इसके लिए आपके जिले में पदस्थ उप संचालक शिक्षा/सहायक आयुक्त/जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण मदद करेंगे। आवंटन का आधार प्रत्येक शाला में दर्ज संख्या के मान से 100 ग्राम खाद्यान्न प्रति छात्र प्रतिदिन होगा। इस योजना के लिए वर्ष में 200 स्कूल दिवस माने जायेंगे। इस तरह कलेक्टर द्वारा प्रत्येक स्कूल, प्रत्येक पंचायत, प्रत्येक नगरीय निकाय के लिए वर्ष 95–96 में प्रतिमाह खाद्यान्न की मात्रा अधिकतम सीमा तक दी जावेगी।

पंचायत / नगरीय निकाय हेतु निर्धारण

4.3.1 शालावार आवंटन निर्धारित करने के पश्चात इसे प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए सूचीबद्ध किया जाए। इसका अर्थ यह हुआ कि एक पंचायत में जितनी प्राथमिक शिक्षण संस्थायें आती हैं उन सबका पृथक--पृथक आवंटन जोड़कर पंचायत का आवंटन निश्चित किया जाए। तत्पश्चात् प्रत्येक पंचायत को उसी उचित मूल्य दुकान से संबद्ध किया जाए जिससे उस पंचायत के नागरिकों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न प्राप्त होता है। अगर एक पंचायत क्षेत्र के ग्राम एक से अधिक उचित मूल्य की दुकान से संबद्ध हो तो कलेक्टर किसी एक दुकान को इसके लिए चिन्हित (Earmark) करेंगे।

4.3.2 नगरीय क्षेत्र के लिए कलेक्टर द्वारा आवश्यकतानुसार उन दुकानों की संख्या तय जावेगी जहां से इस कार्यक्रम हेतु उठाव किया जावेगा। इन दुकानों से संबद्ध वार्डों में स्थित स्कूलों के लिए नगरीय निकाय खाद्यान्न उसी प्रकार उठायेंगे जैसा कि ऊपर पंचायतों के लिए वर्णित है। परन्तु जिन नगरों में नागरिक आपूर्ति निगम के प्रदाय केन्द्र हैं, नगरीय निकाय उन प्रदाय केन्द्रों से सीधे ही खाद्यान्न उठायेंगे।

परिवहन इत्यादि के लिए मार्जिन

4.4.1 भारत शासन द्वारा खाद्यान्न का आवंटन भारतीय खाद्य निगम के "बेस डिपो" से उपलब्ध कराया जायेगा। "बेस डिपो" से प्रदाय केन्द्र तक परिवहन कार्य मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा किया जायेगा। इस परिवहन कार्य के लिए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण से नागरिक आपूर्ति निगम को रुपये 25/- प्रति क्विंटल की दर से राशि देय होगी, जो भारत शासन द्वारा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को सीधे उपलब्ध करायी जावेगी।

4.4.2 नागरिक आपूर्ति निगम को दी जाने वाली उक्त राशि में से रुपये 20/– प्रति क्विंटल का भुगतान उनके द्वारा भारतीय खाद्य निगम से उठाये गए कुल खाद्यान्न की मात्रा के आधार पर तत्काल कर दिया जावेगा। शेष रुपये 5/– प्रति क्विंटल का भुगतान नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा पंचायतों/नगरीय निकायों से सहकारी समितियों के माध्यम अथवा नगरीय निकाय से सीधे प्राप्त रसीदों के डी.आर.डी.ए. में प्रस्तुत किए जाने पर किया जावेगा।

4.4.3 खाद्य विभाग इस राशि के अतिरिक्त उठाये गए खाद्यान्न पर डी.आर.डी.ए. को रुपये 20/– प्रति क्विंटल की दर से अतिरिक्त मार्जिन उपलब्ध करायेगा। डी.आर.डी.ए. नागरिक आपूर्ति निगम को इस रुपये 20/– प्रति क्विंटल को उसी तरह उपलब्ध करायेगा, जिस तरह ऊपर कंडिका 4.4.2 में प्राप्त रुपये 25/– मे से रुपये 20/– को उपलब्ध कराया जाना है। अर्थात कुल रुपये 45/– में से 40/– तत्काल एवं रुपये 5/– रसीदों के प्राप्त होने पर डी.आर.डी.ए. द्वारा निर्गमित किए जावेंगे।

4.4.4 नगरीय निकाय यदि नागरिक आपूर्ति निगम के प्रदाय केन्द्रों से सीधे खाद्यान्न उठाती है (जैसा कि ऊपर 4.3.2 में वर्णित है) तब डी.आर.डी.ए. द्वारा केवल रुपये 25/– ही नागरिक आपूर्ति निगम को निर्गमित किए जावेंगे

...........निरन्तर

4.4.5 नागरिक आपूर्ति निगम एवं लीड और लिंक समितियों के बीच रुपये 45/– का विभाजन निम्नानुसार होगा :

आपूर्ति निगम	रुपये	22/–	
लीड समिति	रुपये	15/–	
लिंक समिति	रुपये	7/–	(एवं बारदाना)
डी.आर.डी.ए. का सेवा शुल्क	रुपये	1/–	
कुल	रूपये	45/–	

4.4.6 कंडिका 4.4.4 में दर्शाये अनुसार यदि नगरीय निकाय द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम के प्रदाय केन्द्र से सीधे खाद्यान्न उठाया जाता है तो रुपये 25/– में से रुपये 1/– सेवा शुल्क डी.आर.डी.ए. को दिया जायेगा तथा शेष नागरिक आपूर्ति निगम के पास रहेगा।

4.5 **शाला तक परिवहन**

आपूर्ति निगम के प्रदाय केन्द्र से "लीड सोसायटी" खाद्यान्न का परिवहन कर उसे उचित मूल्य दुकान तक ले जायेगी जैसा वह वर्तमान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत करती है। उचित मूल्य की दुकान से शालाओं तक परिवहन का कार्य पंचायत द्वारा एवं ऐसे नगरीय निकायों में जिन में आपूर्ति निगम का प्रदाय केन्द्र नहीं है, नगरीय निकाय द्वारा किया जावेगा। पंचायत एवं नगरीय निकाय खाद्यान्न का बोरा सोसायटी को लौटायेंगे या उसका मूल्य सोसायटी को खाद्य विभाग द्वारा निश्चित की गयी दरों पर देंगे।

5. खाद्यान्न का उठाव

5.1 शासन ने यह निर्णय लिया है कि समस्त 297 लक्ष्य विकास खण्डों में 2 अक्टूबर, 95 से "गर्म भोजन" देकर मध्यान्ह कार्यक्रम लागू किया जायेगा। भोजन की तैयारी का कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों द्वारा तथा नगरीय निकायों द्वारा किया जायेगा।

शाला स्तर पर क्रियान्वयन की जिम्मेदारी

5.2.1 इस योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत की शिक्षा समिति तथा नगरीय क्षेत्र में नगरीय निकाय की शिक्षा समिति की होगी।

5.2.2 ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पंचायत के क्षेत्र के समस्त प्राथमिक शालाओं के लिए ग्राम पंचायत की शिक्षा समिति उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह निर्धारित खाद्यान्न का उठाव करेगी। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत द्वारा अपनी शिक्षा समिति के पदाधिकारी को सामान्यतः अधिकृत किया जावेगा। नगरीय क्षेत्र में नगरीय निकाय की शिक्षा समिति यह कार्य करेगी। नगरीय निकाय द्वारा इस हेतु शिक्षा समिति के अध्यक्ष को सामान्यतः अधिकृत किया जावेगा।

5.2.3 कलेक्टर द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय की प्राथमिक शालाओं के लिए तय की गयी खाद्यान्न की मात्रा के आधार पर शिक्षा समिति के अध्यक्षों को आवंटन उपलब्ध कराया जावेगा।

5.3 खाद्यान्न आवंटन एवं उठाव प्रक्रिया

कलेक्टर द्वारा शिक्षा समिति को उपलब्ध कराए जाने वाले आवंटन निम्नानुसार दिए जावेंगे।

............निरन्तर

5.3.1 प्रतिमाह के आवंटन के आधार तीन महीनों के लिए एक त्रैमासिक आवंटन पत्र कलेक्टर द्वारा जारी किया जावेगा, जिसे पंचायत/नगरीय निकाय के रिकार्ड में रखा जावेगा। यह आवंटन पत्र ब्लाकवार जारी किया जाएगा। इसे त्रैमास के प्रारंभ होने के 15 दिन पूर्व जारी किया जाए। छपाई के समय ध्यान दें कि परिशिष्ट के पीछे दिए अनुदेश भी छापे जावें।

(परिशिष्ट-2)

5.3.2 उपरोक्त आवंटन पत्र के साथ तीन माहों के लिए अलग–अलग "मासिक खाद्यान्न उठाव अधिकार पत्र" दिया जावेगा। मासिक खाद्यान्न उठाव अधिकार पत्रों के आधार पर ग्राम पंचायतें/नगरीय निकाय उनके लिए निर्धारित उचित मूल्य की दुकान/नागरिक आपूर्ति निगम के प्रदाय केन्द्र से खाद्यान्न उठा सकेंगी। छपाई के समय ध्यान दें कि परिशिष्ट के पीछे दिए अनुदेश भी छापे जावें।

(परिशिष्ट-3) 6.

5.3.3 उचित मूल्य की दुकान/प्रदाय केन्द्र इन मासिक खाद्यान्न उठाव अधिकार पत्रों पर शिक्षा समिति के अध्यक्ष के हस्ताक्षर, खाद्यान्न प्राप्ति के ऐवज में प्राप्त करेगी और उन्हें अपने रिकार्ड में रखेंगी।

5.3.4 मासिक खाद्यान्न उठाव अधिकार पत्रों के निचले भाग में एक रसीद होगी, जो पत्र का भाग होते हुए उससे परफोरटड अवस्था में संलग्न होगी। इस रसीद पर दुकान प्रबन्धक द्वारा शिक्षा समिति के अध्यक्ष के हस्ताक्षर प्राप्त किए जावेंगे और वह स्वयं भी उस पर हस्ताक्षर करेगा।

5.3.5 इन रसीदों को लिंक समिति द्वारा लीड समिति के माध्यम से नागरिक आपूर्ति निगम को पहुंचाया जावेगा। नागरिक आपूर्ति निगम इन रसीदों को डी.आर.डी.ए. में जमा कर परिवहन व्यय हेतु निर्धारित राशि में से बचे रुपये 5/– प्रति क्विंटल प्राप्त करेगा। व्यवहारिकता के लिए आवश्यक हो तो इस प्रक्रिया में जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से भी इन रसीदों को सोसाइटियों से एकत्रित किया जा सकता है।

5.3.6 कलेक्टर शासकीय प्रेस से खाद्यान्न आवंटन के लिए मासिक खाद्यान्न उठाव अधिकार पत्र की किताबें छपवायेंगे। इन सभी किताबों एवं उनके पृष्ठों को अनुक्रम में अंकित (serially numbered) किया जावेगा। पृष्ठ के दोनों भाग अर्थात 'उठाव अधिकार पत्र' एवं रसीद में एक ही सीरियल नम्बर डलेगा।

5.3.7 राजस्व विभाग नियंत्रक, शासकीय प्रेस को कलेक्टरों से प्राप्त सभी छपाई आवश्यकताओं की तत्काल भरपाई करने के निर्देश जारी करेगा।

5.3.8 ऐसी छपाई गयी किताबों का पूर्ण लेखा–जोखा डी.आर.डी.ए. में संधारित किया जावेगा। इसके लिए अलग से रजिस्टर रखे जावेंगे।

5.3.9. कार्य को आसान बनाने के लिए एक बार में तीन माह के लिए आवंटन पत्र जारी किए जा सकेंगे जिनका इन्द्राज संलग्न प्रपत्र में पंजी में रखा जाएगा। बाद में रसीदों के लौटने पर इस पंजी में किए इन्द्राज से इनका मिलान (reconciliation) किया जायेगा।

(परिशिष्ट - 4)

5.3.10 इन उठाव अधिकार पत्रों को पंचायतों/नगरीय निकायों को ब्लाक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से भेजा जावेगा, जो आगे वर्णित अन्य कार्यों के लिए रुपये 0.75 पैसे प्रति छात्र/छात्रा प्रतिदिन के हिसाब से ग्राम पंचायत/स्थानीय निकाय को धनराशि उपलब्ध करायेंगे।

5.3.11 हर तिमाही के बार शालावार खाद्यान्न की आवश्यकता का विद्यार्थियों की उपस्थिति के आधार पर पुनः मूल्यांकन कर उसमें परिवर्तन किया जायेगा। इस तरह खाद्यान्न एवं बच्चों की वास्तविक उपस्थिति के बीच मेल रखने में सुविधा होगी।

..........निरन्तर

5.3.12 प्रथम तिमाही का आवंटन जारी करते समय कलेक्टर 5 प्रतिशत अधिक आवंटन उपलब्ध करायेंगे। अर्थात यदि किस ग्राम पंचायत को उपरोक्त गणना अनुसार 2.50 क्विंटल प्रतिमाह खाद्यान्न देना है तो उसे 3 माह के लिए 5 प्रतिशत अधिक यानि 37.50 किलो अधिक खाद्यान्न दिया जायेगा। इस को अगले 10 किलो तक राउंड ऑफ (Round off) किया जायेगा। नगरीय निकाय जो सीधे आपूर्ति निगम के प्रदाय केन्द्र से उठाव करेंगी, के लिए इस प्रकार की Rounding off अगले उच्च क्विंटल तक की जावेगी। ऐसा करने से पंचायतों/नगरीय निकायों को आवश्यकता से कुछ अधिक मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध होगी जो कि केरीओवर हो सकती है। इससे प्रक्रिया को निरन्तर बनाये रखने में सुविधा होगी। इसी प्रकार दिया गया अधिक खाद्यान्न अगली तिमाही में समायोजित किया जायेगा।

6. मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था

6.1 समस्त क्षेत्रों में 'गर्म भोजन' की व्यवस्था स्कूल के परिसर में ही की जायेगी एवं बच्चों को खाने का भोजन स्कूल में ही परोसा जायेगा।

6.2 स्थानीय स्तर पर शिक्षा समिति द्वारा परोसे जाने वाले भोजन का स्वरूप निर्धारित किया जावेगा। जिन जिलों में गेहू दिया जा रहा है वहां दलिया बनाकरं तेल/गुड़ एवं आयोडीन युक्त नमक के साथ मिलाकर बच्चों को भोजन के रूप में दिया जा सकता है। जिन जिलों में चावल प्रदाय किया जायेगा वहां तेल एवं दाल सहित खिचड़ी अथवा दाल–चावल की व्यवस्था की जा सकती है।

6.3.1 मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम को लागू करने के लिये शासन ने निर्णय लिया है कि ग्राम पंचायत/नगरीय निकायों को प्रति छात्र के मान से प्रतिदिन 75 पैसे की सहायता खाद्यान्न के अतिरिक्त दी जावेगी। इस राशि के खर्च का पूर्ण ब्यौरा उन्हें रखना होगा। इस प्रकार किये गये व्यय का ब्यौरा ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय की नियमित बैठक में प्रत्येक माह रखा जावेगा। 174 आदिवासी विकास खण्डों में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा एवं शेष 123 विकास खण्डों में शिक्षा विभाग द्वारा आवश्यक धनराशि उपलब्ध करायी जावेगी। इसके लिये पृथक से बजट में प्रावधान किया जा रहा है। यह अतिरिक्त राशि गुड़/नमक/तेल/दाल/ईधन/परिवहन इत्यादि के लिये होगी। परन्तु परिवहन पर इसमें से अधिकतम रुपये 5/– प्रति क्विंटल ही खर्च किये जा सकेंगे।

6.3.2 इस धनराशि का वितरण ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जावेगा। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी यह आवंटन पंचायत/नगरीय निकाय को प्रति तीन माह के लिये उन्हें दिये जा रहे खाद्यान्न के अनुरूप सौंपेंगे।

6.3.3. प्रत्येक पंचायत/नगरीय निकाय उनको उपलब्ध कराये गये खाद्यान्न एवं राशि का लेखा छात्रों की उपस्थिति के ब्यौरे सहित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को संलग्न प्रारूप अनुसार प्रति माह उपलब्ध करायेगी जो इसका सत्यापन करेंगे। इस परिशिष्ट के पीछे छपे अनुदेशों का प्रपत्र छापते समय कृपया पीछे छापें।

(परिशिष्ट-5)

6.3.4 भोजन खाने के लिये प्लेट/दोना–पत्तल/थाली आदि की व्यवस्था बच्चों के पालकों द्वारा की जायेगी। यथासंभव बच्चे प्रतिदिन अपने खाने का पात्र साथ लेकर स्कूल आयेंगे।

6.3.5 योजना को प्रारंभ करने के लिए आवश्यकता होने पर प्रति शाला के लिए केवल एक बार रुपये 800/– तक के खाना तैयार करने के बर्तन पर ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच 80 प्रतिशत जवाहर रोजगार योजना राशि से खर्च कर सकेंगे। नगरीय क्षेत्रों में यह व्यय नेहरू रोजगार योजना के अन्तर्गत किया जावेगा। जिन नगरों में यह योजना नहीं है वहां नगरीय निकाय बर्तनों की व्यवस्था अपने स्त्रोतों से करेगी।

...........निरन्तर

7. आश्रम स्कूलों की व्यवस्था

अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम स्कूलों में 'मध्यान्ह भोजन' की व्यवस्था उसी तरह की जावेगी जिस तरह इस योजना के अंतर्गत अन्य स्कूलों में की जा रही है। आश्रम स्कूलों में प्रातः एवं रात के भोजन की प्रक्रिया अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा अपनी ओर से पूर्व अनुसार अलग से आयोजित की जावेगी।

8. पर्यवेक्षण एवं समीक्षा

8.1 राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इस योजना के क्रियान्वयन की देखरेख के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित होगी जिसमें निम्नानुसार सदस्य रहेंगे –

1. प्रमुख सचिव/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/आदिम जाति कल्याण/स्थानीय शासन।
2. सचिव/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग/आदिम जाति कल्याण/स्थानीय शासन/स्कूल शिक्षा/खाद्य विभाग/सहकारिता विभाग।
3. आयुक्त, आदिवासी विकास।
4. आयुक्त/पंजीयक सहकारी संस्थायें।
5. प्रबन्ध संचालक, नागरिक आपूर्ति निगम।
6. आयुक्त, लोक शिक्षण।

8.2 जिला स्तर पर निम्नानुसार समिति रहेगी --

1.	अध्यक्ष, जिला पंचायत	अध्यक्ष
2.	कलेक्टर	सदस्य सचिव
3.	जिले के समस्त सांसद	सदस्य
4.	जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा नामांकित अधिकतम चार विधायक गण	सदस्य
5.	जिले की जनपद पंचायतों के एक बार में अधिकतम चार अध्यक्ष (जिनको हिंदी वर्णमाला क्रम में समस्त जनपद पंचायतों के नाम की सूची बनाकर ऊपर से एक एक वर्ष के लिए प्रभारी मंत्री द्वारा नामांकित किया जावेगा)	सदस्य
6.	जिले की ऐसे नगर निगमों के महापौर जहां पर योजना चलित है।	सदस्य

...........निरन्तर

7.	जिले की ऐसी नगर पालिकाओं में से जहां यह योजना चलित है एक नगरपालिका के अध्यक्ष जिन्हें ऐसी निकायों की हिन्दी वर्णमाला क्रम में सूची बनाकर बारी–बारी से एक वर्ष के लिए प्रभारी मंत्री द्वारा नामांकित किया जायेगा।	सदस्य
8.	उप पंजीयक, सहकारिता	सदस्य
9.	उप संचालक, शिक्षा	सदस्य
10.	सहायक आयुक्त/जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण	सदस्य
11.	जिला प्रबन्धक नागरिक आपूर्ति निगम	सदस्य
12.	परियोजना अधिकारी, जि.ग्रा.वि.अ.	सदस्य
13.	जिला खाद्य अधिकारी	सदस्य

इस समितिं की बैठक प्रत्येक माह में एक बार या आवश्यकतानुसार कम अंतराल में होगी।

9. उपरोक्त निर्देश मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम को सभी प्राथमिक शालाओं में सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जारी किए जा रहे हैं। सभी संबंधित प्रशासनिक विभाग इन निर्देशों के अन्तर्गत उनको सौंपे उत्तर दायित्व का निर्वहन करेंगे और आवश्यकतानुसार इन निर्देशों के क्रियान्वयन को सुचारू बनाने हेतु कार्यवाही करेंगे तथा अनुपूरक निर्देश जारी कर सकेंगे। मैदानी स्तर पर कलेक्टर समस्त आवश्यक कार्यवाही तत्काल करेंगे जिससे शासन के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित किया जा सके।

(एन.एस. सेठी)
मुख्य सचिव
मध्यप्रदेश शासन

पृ. क्र. 17803/22/वि–7/जरोयो/95 — भोपाल दिनांक 19 सितम्बर, 95

प्रतिलिपि :

1. प्रमुख सचिव/वित्त/आदिम जाति कल्याण/पंचायत एवं ग्रामीण विकास/स्थानीय शासन/राजस्व।
2. सचिव/आदिम जाति कल्याण/खाद्य/सहकारिता/स्कूल शिक्षा/राजस्व।
3. संभागीय आयुक्त (समस्त)
4. प्रबन्ध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम।
5. पंजीयक सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश।
6. प्रबन्ध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक।
7. आयुक्त, आदिवासी विकास/आयुक्त लोक शिक्षण।
8. संचालक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति।
9. वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक भारतीय खाद्य निगम, भोपाल।

(आर. परशुराम)
सचिव
मध्यप्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास

...........निरन्तर

मध्य प्रदेश शासन

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

क्रमांक 1251/ /22/वि-7/पभोका/98 भोपाल, दिनांक 27 जनवरी 98

प्रति,

1. कलेक्टर (समस्त)
   म0प्र0
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी (समस्त)
   जिला पंचायत
   म0प्र0

विषय : शिक्षा गारंटी योजना के तहत संचालित केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था.

दिनांक 6-1-98 को मध्यान्ह भोजन की राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश में जहां शिक्षा गारंटी योजना के अंतर्गत केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है, उन केन्द्रों पर भी मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था लागू की जावे ।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया आप अपने जिले में यह सुनिश्चित करने का कष्ट करें कि जिस तरह स्कूल शिक्षा विभाग तथा आदिम जाति कल्याण विभाग के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की गई है, उसी तरह की व्यवस्था शिक्षा गारंटी योजना के अंतर्गत संचालित केन्द्रों पर भी की जावे । कृपया इस संदर्भ में तत्काल कार्यवाही करें एवं की गई कार्यवाही की सूचना मुझे भेजें ।

(बादल के. दास)
प्रमुख सचिव
मध्य प्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

कार्यालय जिला पंचायत, राजनांदगांव (म0प्र0)

पृ0क्र0/ 756 /म0भो0का0/98 राजनांदगांव, दिनांक 5/2/98

प्रतिलिपि:-

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, राजनांदगांव/डोंगरगांव/छुरिया/चौकी/मोहला/मानपुर/डोंगरगढ़/खैरागढ़/छुईखदान/कवर्धा/स0लोहारा एवं बोड़ला जिला राजनांदगांव.
2. विकास खंड शिक्षा अधिकारी, राजनांदगांव/डोंगरगांव/छुरिया/चौकी/मोहला/मानपुर/डोंगरगढ़/खैरागढ़/छुईखदान/स0लोहारा/कवर्धा एवं बोड़ला जिला राजनांदगांव
3. उप संचालक लोक शिक्षण, शिक्षा जिला - राजनांदगांव/कवर्धा.
4. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास परियोजना, राजनांदगांव.

कृपया उपरोक्त शासन के निर्देशानुसार शिक्षा गारंटी योजना के तहत संचालित केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था कर इस कार्यालय को की गई कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करें ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत, राजनांदगांव.

मध्यप्रदेश शासन,
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

क्रमांक 3586 /22/वि-7/मभोका/98 भोपाल दिनांक 10 मार्च,98

प्रति,

1· कलेक्टर (समस्त)
मध्यप्रदेश ।

2· मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत (समस्त)
मध्यप्रदेश शासन

विषयः- जिले में मदरसों/मकतबों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था ।
संदर्भः 1· विभाग का पत्र क्रमांक 1251/22/वि-7/मभोका/98 दिनांक 27·1·98
2· स्कूल शिक्षा विभाग का पत्र क्र· एफ 44/20-2/95 दिनांक 30·12·97

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन कीजिए । विभाग द्वारा उपरोक्त संदर्भित पत्र क्रमांक एक द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि शिक्षा गारंटी योजनान्तर्गत संचालित पाठशालाओं में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था लागू की जावे । पत्र संदर्भ क्रमांक दो के माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा यह निर्देश प्रसारित किए गए कि प्रदेश के शासन सहायता प्राप्त मदरसों/मकतबों में मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत खाद्यान्न/पका भोजन उपलब्ध कराया जाए ।

2· मदरसों/मकतबों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत सत्र 1998-99 से लाभान्वित किया जाये ।

(आर· परशुराम)
सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

कार्यालय जिला पंचायत, राजनांदगांव
==========================

पृ०क्र०/ 1932 /एमडीएम/98 राजनांदगांव, दिनांक 27/3/98
प्रतिलिपिः-
(1) विकास खंड शिक्षा अधिकारी, (सर्व)- - - - - - - - -जिला-राज० शासन के उपरोक्तानुसार कार्यवाही कर इस कार्यालय को 3 दिवस के भीतर अवगत करावें ।
(2) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सर्व - - - - - - - - - - - -
(3) उप संचालक, लोक शिक्षण , शिक्षा जिला - राजनांदगांव/कवर्धा.
(4) सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, राजनांदगांव ।
को सूचनार्थ ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत, राजनांदगांव.

सभी को पृ· प्रतिलिपी भेजें
MDM / शाखा
CEO 17/3
प्राप्त किया 3-4-98.
कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) 27-3-98 3·50 बजे राजनांदगांव (म· प्र·)

कार्यालय कलेक्टर
CEO/ZP (DRDA)
- 7 OCT 1999
राजनांदगांव (म० प्र०)

MDM

मध्य प्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन, भोपाल- 462004.

क्रमांक- एफ 44-24/95/20-2, भोपाल, दिनांक- / -

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) राजनांदगांव (म० प्र०)

6323
13-10-99

प्रति,

1- प्रमुख सचिव,
म. प्र. शासन,
ग्रामीण विकास विभाग,
मंत्रालय ।

2- संचालक,
खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग,
म. प्र., विंध्याचल भवन,
भोपाल ।

विषय:- मदरसों मकतबों में पढ़ने वाले बच्चोंको मध्यान्ह भोजन योजना का लाभ देने बाबद ।

संदर्भ :- विभागीय समसंख्यक पत्र दिनांक- 30-12-97.

====

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का कृपया अवलोकन करें, जिसके अनुसार समस्त मदरसों/मकतबों में जो भारत सरकार से सहायता प्राप्त हैं तथा जो प्राथमिक शाला के स्तर के हैं, में पढ़ने वाले बच्चों को भी मध्यान्ह भोजन योजना योजना का लाभ दिया जाना है । इस संबंध में विभाग द्वारा दिनांक- 11-12-97 को निर्देश जारी किये गये हैं ।

2- इस वर्ष भारत शासन से 106 मदरसों को सहायता प्राप्त हो चुकी है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चों को मध्यान्ह भोजन योजना का लाभ दिया जाना है ।

3- कृपया तत्संबंध में निर्देश तत्काल दिये जाने का कष्ट करें ।

(हस्ताक्षर) 1/10/99
(व्ही. एस. शालवार)
अवर सचिव
म. प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग.

पृ. क्र. एफ 44-24/95/20-2, भोपाल, दिनांक- 1-10-99

प्रतिलिपि:-

1- आयुक्त, लोक शिक्षण, म. प्र. भोपाल की ओर भेजते हुए निवेदन है कि उक्त मदरसों की सूची समस्त कलेक्टर्स को भेजें ।

2- समस्त कलेक्टर, जिला----------------, म. प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

(हस्ताक्षर)
अवर सचिव
म. प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग.

--: कार्यालय :--
जिला पंचायत (...)
राजनांदगांव (म० प्र०)

पृ. क्रमांक/5970/म.भो.यो./99 राजनांदगांव दिनांक 13-10-99

प्रतिलिपि:-
1. जिला शिक्षा अधिकारी जिला राजनांदगांव/कवर्धा
2. सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव
3. विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड
को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर)
Accounts Officer,
For, Chief Executive Officer
Jila Panchayat, R.jnandgaon (M. P.)

13

कार्यालय आयुक्त

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, छत्तीसगढ़, रायपुर ।

क्रमांक/एम·डी·एम· /944 /2005/ रायपुर, दिनांक- 29/1/95

कार्यालय कलेक्टर
राजनांदगांव (छ.ग.)
शाखा
04 FEB 2005
अधीक्षक

5 FEB 2005
राजनांदगांव (छ. ग.)

कलेक्टर,

जिला – राजनांदगांव (छ०ग०)

विषय:- विभागीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के सुचारु क्रियान्वयन के संबंध में ।

संदर्भ:- मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम राज्य स्तरीय समिति की बैठक दिनांक- 29·12·2004

COLLECTOR,
RAJNANDGAON (C.G.)

---xx---

कृपया संदर्भित बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जावे -

1:- माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों को न्यूनतम 300 कैलोरी एवं 8-12-ग्राम प्रोटीनयुक्त गरम भोजन प्रदान किया जाना आवश्यक है । अत: छात्रों को नियमित रूप से प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम अंतर्गत चॉवल, दाल एवं सब्जी निर्धारित मात्रा में उपलब्ध कराई जावें ।

मध्यान्ह भोजन हेतु साप्ताहिक मीनू (पाक-सामग्री) दिवसवार तैयार कर शाला में प्रदर्शित की जावे एवं तद्नुरूप भोजन तैयार किया जावे एवं विविधता/रोचकता लाई जा सकें । इस हेतु स्थानीय समुदाय का परामर्श भी लिया जा सकता है ।

2:- जिन विभागीय संस्थाओं के परिसर में अथवा 50 मीटर की परिधि में पेयजल की व्यवस्था नहीं है । ऐसे प्राथमिक शालाओं की सूची संलग्न प्रपत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को उपलब्ध कराते हुये एक प्रति में इस कार्यालय को भी उपलब्ध करावें ताकि शालाओं में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकें । जिला स्तर में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भी पेयजल की व्यवस्था हेतु निर्देशित करें।

3:- विभागीय प्राथमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम अंतर्गत प्रारंभ से ही गर्म भोजन प्रदाय किया जा रहा है । अत: खाना पकाने के बर्तनों की टूटफूट होना स्वाभाविक है । अतएव ऐसी प्राथमिक शालाओं का संस्थावार आंकलन (संलग्न प्रपत्र में) कर लेवें, जहाँ भोजन पकाने के बर्तनों की आवश्यकता है इन संस्थाओं को भारत शासन द्वारा जारी पुनरीक्षित मार्गदर्शिका में दिये निर्देशों अनुसार सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रति शाला वार्षिक अनुदान रु· 2000=00 की राशि में से बर्तनों का क्रय सुनिश्चित करें । इस हेतु पृथक से निर्देश शिक्षा विभाग द्वारा जारी किये जा रहे हैं ।

भोजन पकाने के बर्तनों को प्राथमिकता देते हुये जिन शालाओं में ~~xx~~ खाने के बर्तन उपलब्ध नहीं है उनका आकलन कर खाने के बर्तनों की व्यवस्था भी इसी राशि से की जावें ।

4:- विभागीय प्राथमिक शालाओं में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर ऐसे विद्यार्थियों (बालक/बालिकाओं) की पहचान की जावे जिनमें विटामिन "ए" एवं "आयरन" की कमी है । ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित कर उन्हें विटामिन "ए" तथा "आयरन टेबलेट" की खुराक स्वास्थ्य विभाग के परामर्श से, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत दिया जावें ।

5:- जिन विभागीय शालाओं में पक्के किचन शेड के निर्माण की आवश्यकता है उनकी शालावार सूची संलग्न प्रपत्र-5 में इस कार्यालय को उपलब्ध करावें । मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम अंतर्गत अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा हेतु उपाय सुनिश्चित करें, इस हेतु यह उपयुक्त होगा कि शाला भवन के अंदर भोजन न पकाया जावे साथ ही एम.डी.एम. अंतर्गत अनाज के भंडारण तथा भोजन पकाने व खिलाने के दौरान स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा जावें ।

6:- इस कार्यालय के अर्द्धशासकीय पत्र द्वारा जिला स्तर पर मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के निगरानी के लिए एक निगरानी सेल का उल्लेख किया गया था अतः उपयुक्त होगा कि जिला स्तर पर एक निरीक्षण सेल का गठन कर उन्हें निरीक्षण हेतु विकास खण्ड आवंटित कर दिया जावे ताकि प्रत्येक शाला का माह में एक बार निरीक्षण आवश्यक रूप से किया जा सकें ।

क्रमशः-

// 3 //

कृपया उपरोक्त बिन्दुओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें एवं निर्धारित प्रपत्रों में जानकारी तथा मासिक निरीक्षण प्रतिवेदन आगामी माह की 15 तारीख तक उपलब्ध करायें ।

सही/-

आयुक्त

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

रायपुर (छ0ग0)

पृ0क्र0/एम.डी.एम./ 945 /2005 / रायपुर, दिनांक :-29.1.05

प्रतिलिपि :-

1:- सचिव, छ.ग. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, विभाग, रायपुर (छ0ग0).

2:- सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर (छ0ग0).

3:- सचिव, छ.ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विभाग, रायपुर (छ0ग0).

4:- सहायक आयुक्त / जिला संयोजक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, विभाग, जिला------छ0ग0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

सही/-

आयुक्त

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

रायपुर (छ0ग0)

// श्रीमती तोमी //

// 19012005 //

कार्यालय आयुक्त, आदिवासी विकास
मध्यप्रदेश

क्रमांक/एम.डी.एम./95/29336 भोपाल, दिनांक 23/9/95

प्रति,

प्राथमिकता
समय - सीमा

1. समस्त कलेक्टर,
मध्यप्रदेश.

2. समस्त सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास,
मध्यप्रदेश.

3. जिला संयोजक (समस्त)
आदिमजाति कल्याण,
मध्यप्रदेश.

विषय:- विभागीय मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम संचालित करने के संबंध में निर्देश.

=-=

मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के ज्ञापन क्रमांक 17802/22/व्ही-7/ज.रो.यो./95, दिनांक 19 सितंबर 1995 के द्वारा रोजगार आश्वासन योजनान्तर्गत 297 विकास खण्डों में प्राथमिक शालाओं के लिये "मध्यान्ह भोजन" कार्यक्रम योजना के बारे में विस्तृत निर्देश प्रसारित किये गये हैं। इन निर्देशों में 174 आदिवासी विकास खण्डों के लिये आदिवासी विभाग के द्वारा 75 पैसे प्रति हितग्राही प्रति दिन का वित्तीय प्रावधान समस्त कलेक्टरों को पृथक से उपलब्ध कराया जा रहा है। इस ज्ञापन के द्वारा प्रसारित पुस्तिका की प्रतिलिपि सहायक आयुक्त एवं जिला संयोजकों को अवलोकनार्थ संलग्न है।

तद् निर्देशों के अनुसार 174 आदिवासी विकास खण्डों में संचालित समस्त प्राथमिक शालाओं में पढ़ने वालेबच्चों, कक्षा 1 से 5 तक के सभी विद्यार्थियों के लिये गरमभोजन दिये जानेकी व्यवस्था ग्राम पंचायतों के माध्यम से की गई है। तथा इसका प्रारंभ 2 अक्टूबर 95 से अनिवार्यत: लागू किया गया है।

..2/

इस विभाग के सहायक आयुक्त/जिला संयोजक योजना के स्वरूप एवं उसके क्रियान्वयन के मुख्य बिंदु आदि का सूक्ष्मता पूर्वक अवलोकन कर लें ताकि विभाग के मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम संचालित करने की योजना के संबंध में किसी प्रकार का भ्रम उनके स्तर पर उत्पन्न न हो ।

विभाग द्वारा संचालित मध्यान्ह भोजन के लिये पूर्व प्रसारित निर्देश ज्ञापन क्रमांक/एम.डी.एम./95/18361., दिनांक 9.6.1995 के परिपेक्ष्य में विभाग का अब लक्ष्य क्षेत्र निम्नानुसार होगा :-

1. 174 आदिवासी विकास खंड की माध्यमिक शालाओं में 10 से 14 वर्ष आयु के विद्यार्थी होंगे जो कक्षा 6 वीं से 8 वीं में पढ़ते हों, और विभाग के द्वारा संचालित माध्यमिक स्तर आश्रम, प्री मैट्रिक छात्रावास के छात्रावासी हों; के लिए मध्यान्ह भोजन पोषण आहार के रूप में पूर्व निर्देशानुसार प्रतिदिन वितरण किया जायेगा । विभाग के आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या शिक्षा परिसर के कक्षा 6 वीं से 8 वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी मध्यान्ह भोजन पका हुआ वितरण किया जायेगा ।

2. शेष 123 रोजगार आश्वास सामुदायिक विकास खण्डों में एवं सामान्य 262 सामुदायिक विकास खण्डों में आदिमजाति, अनुसूचितजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की निम्नानुसार श्रेणी की संस्थाओं में विभाग द्वारा मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम यथावत संचालित किया जाता रहेगा :-

(अ-1) 123 रोजगार आश्वासन सामुदायिक विकास खण्डों के विभागीय माध्यमिक स्तर के छात्रावास एवं आश्रम तथा सामुदायिक कल्याण केन्द्र में कक्षा 6 से 8 तक पढ़ने वाले बच्चे ।

(अ-11) 262 सामुदायिक विकास खंड के प्राथमिक स्तर, आश्रम तथा छात्रावास , सामुदायिक कल्याण केन्द्र में कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले बच्चे ।

(ब) प्री मैट्रिक छात्रावास का अर्थ कक्षा 6 वीं से 8 वीं है इस श्रेणी में उ.मा. विद्यालय से संबद्ध प्री मैट्रिक छात्रावास तथा आदर्श उ.मा.वि. एवं कन्या शिक्षा परिसर के प्री मैट्रिक छात्रावास सम्मिलित माने जायेंगे ।

..3/

3. जिला स्तर पर 174 आदिवासी विकास खंड के संदर्भ में प्रत्येक विकास खंड शिक्षा अधिकारीउनके क्षेत्र अंतर्गत संचालित समस्त प्री मैट्रिक छात्रावासों एवं आश्रम में नियमित रूप से पका हुआ मध्यान्ह भोजन वितरण कराने के लिए उत्तरदायी होगें । इस योजना के क्रियान्वयन करने के लिए किन्हीं दो छात्रावासों को वितरण केन्द्र बनाकर शेष प्रीमैट्रिक छात्रावासों एवं आश्रमों को पोषक केन्द्र के समूहों में संबद्ध करने की कार्यवाही की जाये और इसका अनुमोदन जिला कलेक्टर से प्राप्त किया जाये । कलेक्टर द्वारा प्रत्येक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के अंतर्गत संचालित उल्लेखित प्रकार की संस्थाओं में लगने वाले खाद्यान्न का निर्धारण किया जायेगा तथा अन्य व्यय के लिए आवंटन इस विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले आवंटन का पुर्नावंटन किया जायेगा । विभागीय मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के संचालन के संबंध में जिला कलेक्टर का पूर्ण पर्यवेक्षण होगा । इस कार्य में विभाग के सहायक आयुक्त/ जिला संयोजक/जिला कलेक्टर की सहायता करेंगे । मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के विधिवत संचालन की निगरानी के लिए जिला कलेक्टर निरीक्षण का रोस्टर जारी करेंगे । जिला के सहायक आयुक्त/जिला संयोजक मध्यान्ह भोजन संचालन की सतत निगरानी रखेंगे और समय परमासिक प्रतिवेदन आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय तथा क्षेत्रीय अपर आयुक्त, आदिवासी विकास प्राधिकरण को भेजेंगे ।

4. सामुदायिक विकास खण्डों में संचालित प्री मैट्रिक छात्रावास/आश्रमों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का नियंत्रण जिला के सहायक आयुक्त/जिला संयोजक के द्वारा सीधे तौर पर किया जायेगा । वे प्री मैट्रिक छात्रावास/आश्रमों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के नियमित संचालन के लिए उत्तरदायी होंगे । मासिक प्रतिवेदन नियमित रूप से आयुक्त, आदिवासी विकास, को भेजेंगे तथा उसकी प्रति संचालक अनुसूचित जाति विकास तथा संचालक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को निम्नानुसार प्रस्तुत करेंगे :-

4.1 <u>मासिक प्रतिवेदन एवं समीक्षा</u>

174 आदिवासी विकास खण्डों में इसकी समीक्षा आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्रति माह की जावेगी ।

4.2 प्रत्येक छात्रावास/आश्रम में प्रारूप एक में एक पंजी संधारित की जावेगी, जिसमें प्रत्येक कार्यदिवस के संबंध में प्रतिष्टि की जावेगी । इस पंजी का निरीक्षण व सत्यापन समय-समय पर नियंत्रणकर्ता अधिकारी द्वारा किया जाकर — — टीप दी जावेगी ।

-- 7 --

4.3 प्रत्येक माह की पांच तारीख तक प्रारूप (तीन) में मासिक प्रतिवेदन छात्रावास/आश्रम अधीक्षक द्वारा केन्द्र छात्रावास अधीक्षक के माध्यम से विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को पहुंचा जाना चाहिये । विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी इस जानकारी को संकलित कर प्रारूप (चार) में जिला के सहायक आयुक्त/जिला संयोजक को भेजेंगें । प्रारूप (चार) मेंजानकारी दस तारीख तक सहायक आयुक्त/जिला संयोजक को पहुंच जाना चाहिये । सहायक आयुक्त/जिला संयोजक उक्त जानकारी को प्रारूप (पांच) में संकलित कर कलेक्टर को प्रस्तुत करेंगे एवं कलेक्टर की टीप सहित उसे 15 तारीख तक आयुक्त, आदिवासी विकास को भेजेगें एवं उसकी एक प्रति संबंधित संचालक, अनुसूचितजाति विकास/पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा संभागीय उप-आयुक्त को भी भेजेगें । चूँकि शासन स्तर से भी जानकारी समय सीमा में जाना है अस्तु सावधानी का विशेष ध्यान रखा जावे ।

4.4 1.10.95 की स्थिति में दर्ज छात्र/छात्राओं की छात्रावास/आश्रम वार जानकारी प्रारूप (दो) में एकत्रितकर उसकी जिलावार जानकारी प्रारूप (छ:) में सहायक आयुक्त/जिला संयोजकअनिवार्य रूप से बीस अक्टूबर तक आयुक्त, आदिवासी विकास को भेजें । भविष्य में यह जानकारी 15 जनवरी, 15 अप्रैल, 15 जुलाई, 15 अक्टूबर की स्थिति में भेजी जाया करें ।

